प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 24.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– उन्नीस सौ पचहत्तर को लगाए गए आपातकाल के विरोध में कल देशभर में मनाया जाएगा संविधान हत्या दिवस–केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम रायपुर में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

2– संविधान हत्या दिवस पर कल प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे–रायपुर में होने वाले एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष करेंगे शिरकत।

3– केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज वाराणसी में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए शामिल।

4– ''मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' का बारहवां चरण कल से होगा शुरू।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>संविधान हत्या दिवस</u>**

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिन पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को भारत के संविधान को कुचलने की घटनाओं की याद दिलाता है। इस दिन पर उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले। यह भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था। इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

इस बीच, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज दुर्ग के भाजपा कार्यालय में आपातकाल के पचास वर्ष पूरे होने पर आयोजित पत्रकारवार्ता में तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा।

वहीं, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने जांजगीर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा कल पच्चीस जून को देशभर में लोकतंत्र हत्या दिवस मनाएगी। इस दौरान लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोगों को प्रताड़ित करने का काम किया था।

**<u>जुएल ओराम–छत्तीसगढ़</u>**

केन्द्रीय जनजाति मामलों के मंत्री जुएल ओराम कल छत्तीसगढ़ के एकदिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। श्री ओराम रायपुर में पत्रकारवार्ता के बाद आपातकाल की पचासवीं बरसी पर एक संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और कार्यक्रम संयोजक रामजी भारती ने दी है।

उन्होंने बताया कि श्री ओराम आपातकाल की बरसी पर होने वाली संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करेंगे। संगोष्ठी में कार्यक्रम सह संयोजक सच्चिदानंद उपासने, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर रवि सक्सेना और राजनांदगांव के भाजपा सांसद संतोष पांडेय अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद श्री ओराम पौधारोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

## संविधान हत्या दिवस–छत्तीसगढ़

संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कल छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान जनभागीदारी रैली, प्रदर्शनी, फिल्म प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद–बैठक

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की पच्चीसवीं बैठक हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे। बैठक में राज्यों के बीच समन्वय, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन, आपदा प्रबंधन और अवसंरचना विकास जैसे विषयों पर चर्चा हो रही है।

## केन्दोय गृहमंत्री–जवान संवाद

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल नवा रायपुर में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद किया। इस दौरान श्री शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शौर्य, धैर्य और समर्पण के साथ माओवादियों के बनाए अड्डों को तहस–नहस किया है। सुरक्षा बलों के इसी भरोसे से केन्द्र सरकार देश में इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर आश्वस्त है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वो क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

इस मौके पर केन्द्रीय गृहमंत्री ने नक्सलियों द्वारा आदिवासियों के संहार और बस्तर को बचाने के प्रयासों पर लिखी गई पुस्तक 'लियोर ओयना' का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, बीएसएफ के महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सचिन पायलट–प्रेसवार्ता

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने आज रायपुर स्थित राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए
प्रदेश की भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि आगामी सात जुलाई को कांग्रेस पार्टी राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में ''किसान, जवान, संविधान'' सभा का आयोजन करेगी। इस सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल संबोधित करेंगे।

## मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान

**''मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान''** का बारहवां चरण कल से शुरू होगा।
इस अभियान के तहत मलेरिया प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर जांच, उपचार और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से बस्तर संभाग में मलेरिया के मामलों में बहत्तर प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष दो हजार सत्ताईस तक मलेरिया के खात्मे का लक्ष्य रखा है। इस बार अभियान का फोकस विशेष रूप से बस्तर संभाग के सभी सात जिलों – बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर और कोंडागांव के साथ गरियाबंद, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई और कवर्धा जिलों के चिन्हांकित क्षेत्रों पर रहेगा। इन क्षेत्रों को मलेरिया की दृष्टि से अति संवेदनशील माना गया है।

## एनसीसी उपमहानिदेशक–छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के छत्तीसगढ़–मध्यप्रदेश के उपमहानिदेशक विक्रांत धूमने ने छत्तीसगढ़ के एकदिवसीय प्रवास के दौरान आज दुर्ग जिले के अंजोरा में एनसीसी के प्रथम घुड़सवार रेजीमेंट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और युवाओं के विकास में एनसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के एनसीसी कैडेट्स के प्रदर्शन में सुधार आया है और भविष्य में राष्ट्रीय कैडेट कोर का और विस्तार किया जाएगा।

इस दौरान अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजीमेंट बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल दुबे ने स्वच्छ भारत अभियान, नया सवेरा योजना और नशा मुक्ति अभियान जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में एनसीसी की सक्रिय भागीदारी की जानकारी दी।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड–कार्रवाई

ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत फर्जी सिम बेचने वालों पर रायपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड विक्रेता, एजेंट, डिस्ट्रीब्यूटर समेत ग्यारह आरोपियों को राजस्थान, मध्यप्रदेश, रायपुर, दुर्ग और धमतरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने फर्जी सिम यूनाइटेड अरब अमीरात, श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों के म्यूल अकाउंट के ब्रोकर, डिस्ट्रीब्यूटर और संचालकों को बेचा था। पुलिस कार्रवाई में अब तक सात हजार से अधिक सिम कार्ड और पांच सौ नब्बे मोबाइल की पहचान हुई है।

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत इन दिनों प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले के बनियागांव और माकड़ी विकासखंड में शिविर लगाया गया। इस शिविर में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी शामिल हुईं।

## ट्रेन परिचालन

सावन के महीने में बैजनाथ धाम जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने गोंदिया–मधुपुर–गोंदिया के बीच आठ फेरों के लिए श्रावणी त्योहार स्पेशल ट्रेन ग्यारह जुलाई से आठ अगस्त के बीच चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को गोंदिया और हर शनिवार और मंगलवार को मधुपुर से चलाई जाएगी। इस ट्रेन का ठहराव डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिल्हा, बिलासपुर, अकलतरा, नैला, चांपा, बाराद्वार, सक्ति, खरसिया, रायगढ़, बेलपहाड़ और ब्रजराजनगर स्टेशनों में दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ सेवा समिति को रथयात्रा महोत्सव के आयोजन के लिए एक लाख रूपए की स्वेच्छानुदान राशि प्रदान की।

– विश्व वरिष्ठ नागरिक उत्पीड़न निवारण जागरूकता दिवस के अवसर पर बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर संजीव शुक्ला ने कल जिले में "सियान चेतना" अभियान का शुभारंभ किया।

– भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कोंडागांव की जूडो खिलाड़ी हेमवती नाग को रायपुर में आयोजित समारोह में ''पंख'' अवार्ड से सम्मानित किया गया।

– कोरबा जिले के सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बरमपुर नहर में एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई। इस घटना में कार में सवार चार लोग घायल हो गए हैं।

– मुंगेली पुलिस ने अंतर्जिला बाईक चोर गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर तेरह मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>